दिनांक 16.10.2025 "स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई"

# निगम भिलाई द्वारा पीएम आवास के हितग्राहियों को वित्तीय लाभ प्रदान किया गया

**भिलाईनगर।** प्रधानमंत्री ने सबके लिए आवास के संकल्प को साकार करने की दिशा में नगर निगम भिलाई द्वारा एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 अंतर्गत स्वीकृत आवास के हितग्राहियों को दिपावली पर्व के उपलक्ष्य में 250 लाभार्थियों को आवासीय सहायता का पहला किस्त के रूप में लगभग 1 करोड़ 57 लाख रूपये एवं द्वितीय किस्त 25 लाभार्थियों को लगभग 21 लाख 75 हजार रूपये का लाभ प्रदान किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के बैंक खातों में सीधे राशि हस्तांतरित कर दिया गया है। निगम आयुक्त द्वारा दिपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत पात्र हर परिवार को उसके सपनों का घर मिले और सभी को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किए है।

